कार्यवाही | शिक्षक प्रशांत साहू छात्राओं पर रखता हैं गंदी नजर, उपसरपंच ने शिक्षिका और छात्राओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर की शिकायत

# शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज, निलंबित






**अमरपुर डिंडोरी नवभारत ।** सोमवार को अमरपुर संदीपनी विद्यालय की छात्राएं अमरपुर ग्राम पंचायत के उपसरपंच और शिक्षिका के साथ स्कूल में पदस्थ शिक्षक प्रशांत साहू के खिलाफ शिकायत करने डिंडोरी एसपी कार्यालय पहुंची। जहाँ मामले की गंभीरता को देखते हुए एस पी वाहिनी सिंह ने शिकायत जनजातीय कार्य विभाग को भेजी जहाँ शिकायत के आधार पर सहायक आयुक्त जाटव ने शिक्षक प्रशान्त साहू को निलंबित कर करंजिया विकासखंड कार्यालय में अटैच किया है।वही सिटी कोतवाली पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं पर अपराध दर्ज कर लिया है।

छात्राओं की शिकायत शिक्षक व्हाट्सएप पर गंदे मैसेज भेजते है,परीक्षा में कम नंबर देने की धमकी उपसरपंच सेंकी चंद्रोल ने बताया कि स्कूल की छात्राओं ने बताया कि शिक्षक व्यक्तिगत व्हाट्सएप नंबर पर आपत्तिजनक मैसेज करते है।बात न मानने पर अंग्रेजी और केमेस्ट्री विषय पर परीक्षा में कम नंबर देने की धमकी देते है।मामले की गंभीरता को देखते हुए हम शिक्षिका और छात्राओं के साथ एस पी कार्यालय गए। जहाँ से हमें आगे कि कार्यवाही हेतु एसपी वाहिनी सिंह ने सिटी कोतवाली भिजवाया है।हमने पुलिस को शिकायत और अपने बयान दर्ज करवाए है।

### शिक्षक प्रशांत साहू को सहायक आयुक्त ने किया निलंबित

जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव ने एस पी कार्यालय से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिक शिक्षक प्रशांत साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विकासखंड शिक्षा कार्यालय करंजिया में अटैच किया है।वही विभागीय जांच के लिए प्राचार्य को नियुक्त किया है।जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में शिक्षक प्रशांत साहू की नियुक्ति डिंडोरी जिले में हुई थी जो अपनी 3 वर्ष कि परिवीक्षा अवधि में रहते हुए इस घृणित कृत्य व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज के द्वारा पकड़ा गए

### पुलिस ने की शिक्षक के खिलाफ एफ आई आर

सिटी कोतवाली निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने बताया कि छात्राओं की शिकायत के आधार पर शिक्षक के खिलाफ 78,79 बी एन एस और 11,12 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ ने सीखे आग पर काबू पाने के तरीके

**डिंडोरी, नवभारत।** नेशनल बिल्डिंग कोड एवं आपदा प्रबंधन नियमों के अंतर्गत सोमवार को जिला अस्पताल के प्रबंधन, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों को अग्नि सुरक्षा के व्यवहारिक तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले त्वरित कदम, अग्निशमन यंत्रों के प्रकार और उनके सही उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि अग्निशमन यंत्र कुल पाँच प्रकार के होते हैं, जिनका चयन आग की श्रेणी के अनुसार किया जाता है। साथ ही यह भी समझाया गया कि कई परिस्थितियों में रेत, मिट्टी और पानी से भी आग को प्रभावी तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को लाइव डेमो के माध्यम से अग्निशमन यंत्र चलाना, लॉक तोड़ना, पिन निकालना और सुरक्षित दूरी बनाकर आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकें सिखाई गईं। कर्मचारियों ने क्रमवार प्रायोगिक प्रशिक्षण में हिस्सा भी लिया। अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके ने उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन की जानकारी हर कर्मचारी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय उपकरणों का सही उपयोग कर आग पर काबू पाया जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र में अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके, वरिष्ठ लेखापाल राजकुमार साहू, नर्सिंग ऑफिसर अंजना धुर्वे, जयमति नंदेहा सहित अस्पताल का समस्त अमला उपस्थित रहा।



# 20 ग्रामीण महिलाओं को बकरियों का वितरण

**चिल्हारी उमरिया ।** ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बैंक परिवर्तन एवं कार्ड संस्था द्वारा संचालित केंद्रित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम की 20 महिलाओं को देसी नस्ल की बकरियाँ वितरित की गईं। प्रत्येक लाभार्थी महिला को दो बकरियाँ और एक बकरा प्रदान किया गया, ताकि वे पशुपालन के माध्यम से अपनी आय बढ़ाकर आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सके। कार्यक्रम के दौरान पशु स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी एवं क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना पटेल ने सभी बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं को बकरी पालन, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, स्वच्छता तथा पोषण प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पशुधन ही स्थायी आय का आधार बन सकता है, इसलिए नियमित देखभाल और पोषण अत्यंत आवश्यक है।संस्था के इस प्रयास से ग्राम की महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखा गया। लाभार्थी महिलाओं का कहना है कि इस पहल से उन्हें घर पर रहकर ही अतिरिक्त आय प्राप्त होगी तथा परिवार की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार आएगा।इस अवसर पर संस्था से एस. डी. शर्मा तथा थीमैटिक एक्सपर्ट सुश्री भावना पवार उपस्थित रहीं, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रेरणादायक बनाया। इसके साथ ही परियोजना प्रबंधक शिवेंद्र सिंह तथा कृषि

विशेषज्ञ प्रेम चंद्र पाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने महिलाओं को पशुपालन एवं कृषि आधारित उद्यमों से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। यह पहल न केवल महिलाओं की आजीविका को मजबूत करती है, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# 600 से अधिक छात्राओं को किया जागरूक



### मुस्कान विशेष अभियान के तहत डिंडौरी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

**डिंडोरी, नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में संचालित 'मुस्कान विशेष अभियान' के अंतर्गत डिंडौरी पुलिस द्वारा नाबालिग गुमशुदा बालिकाओं की तलाश एवं सुरक्षित दस्तयाबी, बालिकाओं के पलायन की रोकथाम, सुरक्षा जागरूकता और सशक्तीकरण को केंद्र में रखते हुए निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।इसी क्रम में सोमवार क़ो कस्तूरबा कन्या शाला, डिंडौरी में लगभग 600 से अधिक छात्राओं को महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा, मानव तस्करी, तथा बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद स्थापित कर सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपायों पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी डिंडौरी सतीष द्विवेदी, थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उईके तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।मुस्कान विशेष अभियान के तहत 1 नवम्बर से अब तक डिंडौरी पुलिस द्वारा जिले एवं बाहरी राज्यों से कुल 21 नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

# गोंड महानायकों पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुतियां

### रानी दुर्गावती स्टेडियम, शहपुरा में 22 से 24 नवम्बर तक हुआ आयोजन



शहपुरा नवभारत। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन डिण्डौरी के संयुक्त तत्वावधान में वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम, शहपुरा में चल रहे तीन दिवसीय जननायक समारोह में गोंड सभ्यता के शौर्य, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों का भव्य मंचन जारी है। यह समारोह गोंड साम्राज्य के 52 में से प्रथम चरण के 30 गढ़ों के इतिहास, आख्यानों और सांस्कृतिक वैभव को जन-जन तक पहुँचाने हेतु आयोजित किया गया है। समारोह का उद्देश्य गोंड समुदाय के उन अनदेखे आख्यानों और नायकों को सामने लाना है, जिनकी परंपराएँ, शौर्य, आध्यात्मिकता एवं प्रकृति-सम्मत जीवनदृष्टि भारतीय संस्कृति की गहराइयों को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विभाग द्वारा परिकल्पित तीन प्रमुख प्रस्तुतियों—वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा पेमल शाह और राजा हीराखान सिंह—का निर्देशन रामचंद्र सिंह, नवीन सिंह श्याम तथा आशीष पटेल द्वारा किया जा रहा है।

समारोह के प्रथम दिवस में प्रतापी गोंड राजा पेमल शाह पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके जन्म-आख्यान, संघर्ष, प्रकृति-सम्पोषण, प्रजा-सेवा और राज्य को पुनः समृद्ध करने के साहसिक प्रयासों का सजीव चित्रण हुआ। द्वितीय दिवस में गोंड साम्राज्य के वीर राजा हीराखान सिंह के जीवन, पराक्रम और जननायक स्वरूप को दर्शाती आकर्षक प्रस्तुति मंचित की गई, जिसे दर्शकों ने उत्साहपूर्वक सराहा। कार्यक्रम के समापन दिन के अवसर पर आज रानी दुर्गावती नाटक का मंचन हुआ क्कार्यक्रम में अतिथि के रूप एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बीआरसीसी गुरु प्रसाद साहू, आर.एस. गुरुदेव, सोनेलाल विश्वकर्मा, ज्ञानदीप त्रिपाठी मण्डल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती पार्षद हरीश साहू शिक्षक अश्विनी साहू तथा संस्कृति विभाग कोऑर्डिनेटर नरेन्द्र सिंह एवं डायरेक्टर रामचंद्र विशेष रूप से शामिल रहे। गोंड सभ्यता के सांस्कृतिक गौरव और उसके ऐतिहासिक आख्यानों को जन-जन तक पहुँचाने वाला यह आयोजन डिण्डौरी जिले में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव के रूप में स्थापित हो रहा है।

# चारपहिया वाहन की टक्कर से बच्चे की मौत

### पुलिस थाना इंदवार मे आरोपी चालक पर नामजद मामला दर्ज



**चिल्हारी उमरिया, नवभारत।** जिले के पुलिस थाना इंदवार अंतर्गत बनान्चल के बीच जंगल में बसा ग्राम सेजवाही मे एक चारपहिया वाहन की ठोकर लगने से सेजवाही गांव निवासी एक बच्चे की मौत हो गई।बताया जाता है कि मासूम बच्चा गांव के ही स्कूल जा रहा था जहां वह स्कूल मे अपना बैग रखकर साइकिल से पुनः घर जा रहा था कि तभी रास्ते मे रखे रेत की वजह से वह अनियंत्रित हो गया और उसी दरमियान उसे सामने से आ रहे चारपहिया वाहन की ठोकर लग गई और उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ष्ट।ष्ट मानपुर ले जाकर पीएम कराया गया।वहीं इंदवार थाना पुलिस में मामले की रिपोर्ट पर नामजद आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 106,281,125 ए के तहत मामला दर्ज किया है।और प्रकरण की बिबेचना की जा रही है

# उमावि सरई का सहायक आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित शिक्षकों के लिए जारी किया गया नोटिस



**डिंडौरी, नवभारत।** विगत दिवस सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राजेंद्र कुमार जाटव ने उच्चतर? माध्यमिक विद्यालय सरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय परिसर की साफ सफाई, प्रयोगशाला कक्ष का व्यवस्थित न होना, विद्यालय में छात्र/ छात्राओं की कम उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति पंजी में अनेकों शिक्षकों के हस्ताक्षर न पाया जाना ना ही हस्ताक्षर न होने का कोई कारण इन्द्राज किया गया। स्मार्ट क्लास के उपकरण लगे हुए हैं, परंतु संचालन नहीं होना पाया गया। सहायक आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए शासकीय सेवक के रूप में सेवा के प्रति कदाचरण एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के प्रतिकूल तथा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में स्वैच्छाचारिता के अंतर्गत अनुपस्थित शिक्षक यसी ब्यौहार उच्च माध्यमिक शिक्षक, राकेश धुर्वे माध्यमिक शिक्षक, सीबी वनवासी उच्च माध्यमिक शिक्षक शिक्षक को नोटिस जारी किया है। वहीं कीर्ति धुर्वे प्रभारी प्राचार्य को कार्यों के प्रति लापरवाही पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस के अन्दर जवाब प्रस्तुत किया जाएगा, संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 26 को

**डिंडौरी, नवभारत।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर 2025, बुधवार को जिला डिंडौरी में आयोजित होगा। जागरूकता शिविर दोपहर 2:00 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला डिंडौरी में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को पीएमईजीपी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इस शिविर में शामिल हो सकें। संबंधित अधिकारी गण, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



# कलेक्टर का जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश स्तर पर सम्मान

**डिंडोरी, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने सोमवार क़ो राजधानी भोपाल में डिंडौरी की कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया को जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत सम्मानित किया।

इस सम्मान से कलेक्टर भदौरिया की उन उपलब्धियों को मान्यता मिली जो उन्होंने पूर्व में रायसेन जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO), जिला पंचायत के रूप में कार्य करते समय हासिल की थीं। उनके नेतृत्व में रायसेन जिला 'समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों' की श्रेणी में द्वितीय स्थान पर रहा — इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया।श्रीमती भदौरिया के प्रयासों में जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, नदी नालों के संवर्धन के लिए कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन तथा स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय शामिल रहा, जिसे राज्य सरकार ने सराहा है। यह उपलब्धि डिंडोरी जिले के प्रशासनिक नेतृत्व को भी प्रतिबिंबित करती है।

# 4 दिसंबर तक चलेगा जागरूकता एवं सेवा अभियान



**डिंडौरी, नवभारत।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक जिले में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ावा देना तथा समुदाय में जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम में सोमवार क़ो विकासखंड समनापुर के ग्राम रंजरा , बंजरा , गौराकन्हारी में जागरूकता रैली के साथ प्रचार प्रसार किया गया। अभियान के पहले चरण में 21 से 27 नवंबर 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों में मोबिलाइजेशन एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। दूसरे चरण में, 28 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक जिला अस्पताल तथा विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर पुरुष नसबंदी की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पुरुष नसबंदी एक बेहद सरल, सुरक्षित और त्वरित प्रक्रिया है, जिसमें केवल 5 से 10 मिनट का समय लगता है। इसमें किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती तथा पुरुष को भर्ती होने की आवश्यकता भी नहीं होती। प्रक्रिया के बाद वे तुरंत घर जा सकते हैं। महिला नसबंदी की तुलना में पुरुष नसबंदी अधिक सरल और सुरक्षित विधि मानी जाती है। अभियान के तहत पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि, तथा उन्हें प्रेरित करने वाले प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। परिवार नियोजन संदेश को बढ़ावा देते हुए विभाग ने जनसामान्य से अपील की है।

### रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन पहुंचाने गया व्यक्ति हुआ रेल हादसे का शिकार

**नवभारत उमरिया ।** बिलासपुर-भोपाल ट्रेन में रिश्तेदारों को बैठाने गए व्यक्ति की रेल हादसे में मृत्यु की खबर है,बताया जाता है कि मृतक अपनी पत्नी की बहन को सोमवार की अलसुबह ट्रेन में बैठाने रेलवे स्टेशन उमरिया गया था,इसी दौरान रेल हादसे का शिकार हुआ है,व्यक्ति उमरिया मुख्यालय स्थित रमपुरी का क्रिश्चियन समाज प्रताप मसीह नाम बताया जा रहा है। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है,और फिलहाल रेलवे स्टेशन में ही शव रखा गया है।

### सूचना

**विविध स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ है कि नवभारत जबलपुर संस्करण के उमरिया जिले के पूर्व ब्यूरो सतीश विश्वकर्मा (आधार नंबर 920801950500) अभी भी नवभारत के नाम पर समाचार/ विज्ञापन संकलन कर रहे हैं। अत: सर्व सूचित हो कि सतीश विश्वकर्मा नवभारत पत्र समूह से संबद्ध नहीं हैं । शीघ्र ही नए ब्यूरो की नियुक्ति की जाएगी।**

**प्रसार विभाग नवभारत**